हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

04 युवाओं को लालच देकर खाते खरीदने के बाद ठगी...


07 लापरवाही पर किसी की वेतनवृद्धि रोकी तो...




## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का दौरा 21 को

**सीहोर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बुधनी स्थित सेंट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट पहुंचेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 3:30 बजे सलकनपुर पहुंचेंगे और पीएचई तथा पीडब्ल्यूडी विभागों के कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 5 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### करबला पुल पर पानी बहने से हादसे का बना रहता है खतरा

**सीहोर** । शहर के करबला पुल पर इस समय भी पानी ऊपर से बह रहा है। इस कारण सड़क पर फिसलन हो रही है। यहां वाहन चालकों को गिरने का खतरा रहता है। यह पुल सालों पुराना है। इसकी ऊंचाई कम है, जिससे सीवन नदी का पानी ऊपर से बहता है। बरसात में हालत यह हो जाती है कि यह मार्ग काफी समय तक बंद रहता है। पुल के दोनों ओर रेलिंग नहीं होने से समस्या है।

### शिक्षण संवाद कार्यक्रम में बच्चों को मिला पढ़ाई, अनुशासन और सुरक्षित भविष्य का प्रेरक मंत्र

# परीक्षा में सफलता का आत्मविश्वासी संदेश, एसडीएम व थाना प्रभारी ने स्कूली बच्चों को दिया मार्गदर्शन

एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का सबसे मजबूत आधार नियमित और मन लगाकर की गई पढ़ाई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

शासकीय हाई स्कूल टीकमोड़ में आयोजित शिक्षण संवादः परीक्षा पर चर्चा एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम कक्षा 9,10 के 100 स्कूली बच्चों के लिए प्रेरणा और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम सुधीर कुशवाहा एवं विशेष अतिथि थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने के लिए सकारात्मक सोच, नियमित अध्ययन और अनुशासित जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का पुष्पमाला, साल व श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण वातावरण प्रदान किया।





एसडीएम सुधीर कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का सबसे मजबूत आधार नियमित और मन लगाकर की गई पढ़ाई है। उन्होंने प्रातःकाल अध्ययन को सबसे प्रभावी बताते हुए कहा कि सुबह का समय एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। प्रतिदिन सुबह 5 से 7 बजे तक पढ़ाई करने से विषयों की समझ बेहतर होती है और परीक्षा का तनाव स्वतः कम हो जाता है। उन्होंने छात्रों से आत्मविश्वास बनाए रखने और लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने बच्चों को सुरक्षित और संतुलित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया का सीमित और समझदारी से उपयोग करें, क्योंकि यह पढ़ाई से ध्यान भटका सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सतर्क रहने, सही संगत चुनने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की भी सलाह दी, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के 105 छात्र-छात्राओं को सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए स्वेटर वितरित किए गए।

स्वेटर वितरण अतिथियों के हाथों किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और प्रसन्नता देखी गई। अतिथियों ने शिक्षकों के इस सहयोगात्मक प्रयास की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि शाला के विद्यार्थी प्रतिवर्ष उत्कृष्ट परिणामों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय, तहसील एवं जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता और शिक्षक-विद्यार्थी के बीच पारिवारिक संबंधों का वातावरण बना हुआ है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच दीपक मीणा सहित ग्राम के वरिष्ठजन, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल परीक्षा मार्गदर्शन बल्कि उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक प्रेरणा का सशक्त माध्यम बना।

### सीहोर से हरदा तक 'जन क्रांति' आंदोलन का शंखनाद

## कुबेरेश्वर धाम से करणी सैनिकों ने प्रारंभ की पदयात्रा 21 दिसंबर के आंदोलन में हरदा पहुंचकर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश में जन अधिकारों की गूँज अब सड़कों पर सुनाई देने लगी है सीहोर के सुप्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम से आज करणी सैनिकों की एक पदयात्रा का आगाज हुआ, जो हरदा में होने वाले 'जन क्रांति आंदोलन' को लेकर पदयात्रा की जा रही है आस्था और संकल्प के संगम के साथ, कुँवर ललित सिंह सिसोदिया करणी सेना ब्लाक महासचिव और कुँवर कमलेश सिंह राजपूत (थुना) के नेतृत्व में करणी सैनिकों का जत्था हरदा की ओर कूच कर चुका है यात्रा की शुरुआत से पहले बाबा कुबरेश्वर का आशीर्वाद लिया गया और फिर जोश-ओर-जुनून के साथ ये काफिला आगे बढ़ा।




सीहोर जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया। तिलक लगाकर और माला पहनाकर उन्होंने करणी सैनिकों को जीत का संकल्प दिलाया जन क्रांति आंदोलन हरदा में लाखों करनी सैनिक 21 सूत्री मांगों को लेकर 21 दिसंबर को हरदा पहुंचेंगे जिसका नेतृत्व करणी सेना प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर करेंगे। यह सिर्फ यात्रा नहीं, जन-जन की आवाज है। 21 दिसंबर को हरदा की धरती पर नया इतिहास रचा जाएगा।

इस आंदोलन का मुख्य केंद्र 21 दिसंबर है, जब 21 सूत्रीय मांगों को लेकर लाखों करणी सैनिक हरदा पहुंचेंगे, और सरकार के अधिकारियों के सामने अपनी मांग रखेंगे युवाओं के अधिकार, स्थानीय समस्याएं और क्षेत्र के विकास की मांगों को लेकर यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक शासन-प्रशासन की नींद नहीं खुल जाती।

यात्रा के दौरान वरुण सिंह सोलंकी, लखन सिंह राजपूत और गजराज सिंह तंवर, धरम सिंह राजपूत सरपंच भटोनि ,दीपक सिंह परिहार सहित भारी संख्या में करणी सैनिक मौजूद रहे अब सबकी निगाहें 21 दिसंबर जन क्रांति आंदोलन हरदा पर टिकी हैं, जब मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्यों के करणी सैनिक हरदा में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे ।

## बिजली विभाग को 'अंडर एस्टिमेट' करना पड़ा महंगा ठोक दिया भारी जुर्माना

**सीहोर।** अमृत-2 योजना के तहत शहर में पानी की टंकियों का निर्माण कर रही गुजरात की श्याम कंस्ट्रक्शन कंपनी को सीहोर के बिजली विभाग को हल्के में लेना महंगा साबित हुआ। स्थानीय बिजली कंपनी की सतर्कता को 'अंडर एस्टिमेट' कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रही इस बाहरी कंपनी पर विभाग ने छापामार कार्रवाई करते हुए हजारों रुपए का जुर्माना लगाया है।

छापेमारी में पकड़ी गई चोरी बिजली कंपनी की टीम ने बुधवार को निर्माण स्थलों पर औचक दबिश दी। इस दौरान निर्माणाधीन टंकियों पर बिजली चोरी का खुलासा हुआ। सूत्रों के अनुसार विभाग ने नियमों की धज्जियां उड़ाने पर श्याम कंस्ट्रक्शन पर 32 हजार, 52 हजार और 68 हजार रुपए के अलग-अलग जुर्माने लगाए हैं।

### नहीं लिया कनेक्शन

हैरानी की बात यह है कि इतनी बड़ी महत्वाकांक्षी योजना के निर्माण के लिए कंपनी ने न तो स्थायी कनेक्शन लिया और न ही अस्थायी। मीडिया की पड़ताल के दौरान मौके पर मिक्सर मशीन और वेल्डिंग जैसे भारी उपकरण अवैध बिजली से चलते पाए गए। जब कंपनी के प्रतिनिधियों से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने चौंकाने वाला तर्क दिया। कंपनी का दावा है कि नगर पालिका ने उन्हें कहा था कि बिजली कनेक्शन लेने की कोई जरूरत नहीं है।

### पश्चिम बंगाल के मजदूर लगे काम में

निर्माण कार्य में पश्चिम बंगाल से आए मजदूर लगे हुए हैं, जो दिन-रात इन स्थलों पर काम करते हैं। बिना किसी वैध और सुरक्षित बिजली कनेक्शन के अवैध तारों के बीच काम करना किसी बड़े हादसे को न्योता देने जैसा है। राजस्व की चपत लगाने के साथ-साथ यह कंपनी मजदूरों की सुरक्षा को भी ताक पर रखे हुए थी।

### कंपनी की चेतावनी

विभाग की चेतावनी बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी कंपनी चाहे वह स्थानीय हो या बाहरी, नियमों से ऊपर नहीं है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह की औचक कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध बिजली उपयोग पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एलआईसी कार्यालय में कर्मचारियों ने लगाए नारे एफडीआई अनुमति देने के खिलाफ किया प्रदर्शन

### लगाए बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के लिए अनुमति वापस लो के नारे

**सीहोर।** बीमा क्षेत्र में एफडीआई की अनुमति का बिल संसद में पेश करने और सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने का विरोध शुरू हो गया है। भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारियों कर्मचारियों ने यूनियन एआईआईईए के अखिल भारतीय आह्वान पर कार्यालय परिसर में गुरूवार दोपहर जोरदार प्रदर्शन किया।



कर्मचारियों को संबोधित करते हुए यूनियन के संयुक्त सचिव राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार स्वदेशी का रागअलापति है और उसकी आड़ में विदेशी कंपनियों को जी भर के देश में आमंत्रित कर रही है। बीमा क्षेत्र में विदेशी कंपनियों को सौ प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने से बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण को गहरा आघात पहुंच रहा है। अब विदेशी कंपनियां सीधे देश की जनता की गाड़ी कमाई को विदेश लूट कर ले जाएंगी। यह फैसला जनता के खिलाफ पॉलिसी धारकों के खिलाफ है।

देश भर की यूनियन बैंक कर्मचारी भी इस प्रकार के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। बीमा अधिकारियों कर्मचारियों का संघर्ष इस विधेयक के वापस होने तक जारी रहेगा। प्रदर्शन में सुरेश चंद्र वशिष्ठ, राकेश राठौर, विजय कमार, सुरेंद्र सिंह यादव, अशोक कुमार, सुमित लाल, हेमलता वशिष्ठ ,बृजलाल पटेल, प्रमिला शास्त्री, माधवी, ध्रुव साहू, विधु,कुशल भारती, लक्ष्मी नारायण, बालमुकुंद, बहादुर सिंह पौडवाल, उमेश कुशवाहा, मयंक जैन, सत्यम सहित काफी संख्या में अभिकर्ता पॉलिसी धारक शाामिल रहे।

### न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस, शीतलहर जारी, सुबह घना कोहरा छाया

**सीहोर।** जिले में गुरुवार को कड़ाके की ठंड रही। जिले में न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो लगातार दस डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फबारी हो रही है। इससे मध्य प्रदेश में सर्द हवाएं आ रही हैं, जिसके चलते तापमान लगातार गिर रहा है। डॉ. तोमर के अनुसार, अभी मावठे (शीतकालीन वर्षा) की संभावना है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है।



**घना कोहरा और शीतलहर जारीः** सीहोर जिले में पिछले तीन दिनों से घना कोहरा छाया हुआ है। गुरुवार सुबह को विजिबिलिटी 100 मीटर से भी कम रही। अगले दो दिनों तक कड़ाके की ठंड का दौर जारी रहने की संभावना है, क्योंकि उत्तर दिशा से लगातार बर्फीली हवाएं चल रही हैं। जिले में लगभग एक माह पहले ठंड ने दस्तक दी थी। उसके बाद से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

### मिड घाट के पास सड़क हादसा, दो युवक गंभीर

**सीहोर।** क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8:30 बजे मिस घाट के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राम (उम्र 26 वर्ष), निवासी डोडाडोंगरी रूपेश (उम्र 28 वर्ष) शामिल हैं। हादसे के बाद से दोनों घायलों को तत्काल बुधनी के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को होशंगाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों में से एक युवक के पैर की हालत बेहद खराब बताई जा रही है।

### चित्रकला में साक्षी को पहला स्थान

**सीहोर।** मक्षेविविकं सीहोर द्वारा 14 से 21 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है।बुधवार को महाप्रबंधक वृत्त कार्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता हुई। इसमें जिले के कई स्कूलों से आए 44 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भविष्य जैसे विषयों को अपनी चित्रों में दिखाया। निर्णायकों ने कला कौशल, विषय की समझ और प्रस्तुति के आधार पर विजेताओं का चयन किया। कक्षा 8वीं की साक्षी मालवीय ने पहला स्थान पाया।

### बाजार में ऑपरेशन सिंदूर थीम वाली पतंगें, मकर संक्रांति पर बढ़ी इनकी मांग, 10 रुपए में एक बिक रही

**सीहोर।** मकर संक्रांति पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूर्य उपासना, पवित्र स्नान और तिल-गुड़ के विशेष महत्व वाले इस त्योहार में अब एक माह से भी कम समय बचा है। इस वर्ष मकर संक्रांति पर 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम वाली पतंगें बाजार में छाई हुई हैं। जानकारी के अनुसार, 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए एक अभियान को संदर्भित करता है, जिसमें बड़ी संख्या में आतंकवादियों को मार गिराया गया था। इस अभियान की सफलता का जश्न देश भर में मनाया गया था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद यह पहली मकर संक्रांति है, और इसी कारण बाजार में पतंगों की दुकानें सज गई हैं। हर साल विभिन्न रंगों और वैरायटी की पतंगें आती हैं, लेकिन इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' की झलक वाली पतंगें विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। बाजार में 'ऑपरेशन सिंदूर' थीम वाली दो वैरायटी की पतंगें उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 10 रुपए प्रति पतंग है। ये पतंगें लोगों को काफी पसंद आ रही हैं और इनकी मांग लगातार बढ़ रही है। पतंग विक्रेता अकरम ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' वाली पतंगें ग्राहकों को खूब भा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन पतंगों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। अकरम ने यह भी बताया कि वे बाहर से पतंगें मंगाते हैं और इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' वाली पतंगें दिखने में काफी सुंदर हैं, जिन्हें लोग उत्साह से खरीद रहे हैं।





### यह फिल्म 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी

# सीहोर से ऑस्कर तक का सफरः टॉप.15 शॉर्टलिस्ट में जगह बनाकर होमबाउंड फिल्म ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अब केवल अपनी सुनहरी गेहूं या ऐतिहासिक विरासत के लिए ही नहीं, बल्कि विश्व सिनेमा के मानचित्र पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। फिल्म 'लापता लेडीज' के बाद सीहोर में फिल्माई गई एक और फिल्म 'होमबाउंड' ने ऑस्कर में भारत का मान बढ़ाया है। निर्देशक नीरज घेवान की इस फिल्म ने 98वें एकेडमी अवॉर्ड्स की 'बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म' कैटेगरी की टॉप.15 शॉर्टलिस्ट फिल्मों में जगह बना ली है।

धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म कोविड.19 लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों के पलायन और उनके संघर्ष की सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। फिल्म में जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर और विशाल जेठवा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। ऑस्कर की शॉर्टलिस्ट में आने से पहले इस फिल्म को कान्स, मेलबर्न और टोरंटो जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में भी काफी सराहना मिल चुकी है।




### 26 सितंबर को हुई थी रिलीज

बता दें फिल्म होमबाउंड की शूटिंग सीहोर शहर के टैगोर स्कूल, रेलवे स्टेशन, चांदबढ़ गांव और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हुई है। स्थानीय लोकेशंस को बड़े पर्दे पर और अब ऑस्कर की दौड़ में देखकर शहरवासी बेहद उत्साहित थे। यह फिल्म 26 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

### शूटिंग का नया हब बन रहा सीहोर

पिछले कुछ वर्षों में सीहोर फिल्मकारों और वेबसीरीज निर्माताओं की पहली पसंद बनकर उभरा है। मशहूर वेबसीरीज पंचायत की शूटिंग भी इसी अंचल में हुई। किरण राव के निर्देशन में बनी यह फिल्म लापता लेडीज भी सीहोर में शूट हुई और ऑस्कर के लिए नामांकित हुई थी।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### बालिकाओं का सम्मान योजनाओं व कानूनों की दी गई जानकारी

**सीहोर।** भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका लिंगानुपात में सुधार एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सीहोर जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे के मार्गदर्शन में बालिकाओं एवं महिलाओं से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में जावर तहसील अंतर्गत साई पब्लिक स्कूल में बालिका मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

### घनश्याम यादव बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष



**सीहोर।** नवनियुक्त कांग्रेस शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव ने बयान जारी कर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतु पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा मुझे जो महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है, उसका में पुरी ईमानदारी व सक्रियता के साथ पालन करुंगा एवं कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्रदान करने हेतु सभी को साथ लेकर सतत प्रयत्नशील रहुंगा। श्री यादव को शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर, राममूर्ति शर्मा, ओमदीप राठौर, जमना प्रसाद राठौर, महेश दयाल चौरसिया, ओम वर्मा, नईम नवाब, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, ओम बाबा राठौर आदि शामिल हैं।

### किसान, गोबर और गो मूत्र से खाद बनाएं

**सीहोर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे है अब किसान जानगये है ओर अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है।

### ऑपरेशन साइबर के तहत कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, 12 को किया गिरफ्तार

# युवाओं को लालच देकर खाते खरीदने के बाद ठगी राशि के हस्तांतरण में करते थे उपयोग

03 माह में 78 बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी जिसमें लगभग 7.5 करोड़ आंशिक रुपये का लेन–देन सामने आया



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना कोतवाली देवास पर फरियादी रवि पिता अशोक चौहान उम्र 38 वर्ष निवासी 31/1 भवानी सागर देवास हाल मुकाम गोपाल नगर इटावा जिला देवास द्वारा थाना कोतवाली में आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसके नाम से खुलवाए गए बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक एवं चैकबुक का धोखाधड़ी पूर्वक दुरुपयोग किया गया है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुए देवास पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा प्रभावी कार्रवाई हेतू निर्देशित किया गया था जिस पर से एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एवं जिला सायबर सेल द्वारा विशेष पुलिस टीम का गठन किया। उक्त सायबर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

साइबर ठग स्थानीय जनता से उनके बैंक खाते चंद रूपये देकर उन बैंक खातो का उपयोग देश के विभिन्न के क्षेत्रो के नागरिकों से हुये सायबर ठगी के पैसो के लेनदेन के लिए करते थे, इस संबध में अभी तक की जांच में कुल 78 बैंक खातो की जानकारी संबधित बैंक से प्राप्त करते उक्त खातो में सायबर ठगी का करोडो रूपयो का लेन-देन हुआ है अन्य राज्यो के आवेदको द्वारा भी उक्त बैंक खातो की शिकायत NCRP पोर्टल पर की गई है जिनमें करोडो रूपयो की सायबर ठगी होना एवं उक्त खातो में सायबर ठगी की राशि का आंशिक भाग प्राप्त हुआ है। आरोपीगणो के विरूद्व थाना कोतवाली देवास पर अपराध क्रं. 897/2025 धारा 318(4),316(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया है।

**तरीका-ए-वारदात**

आरोपी इरशाद एवं आशीम द्वारा स्थानीय जनता को प्रलोभन देकर युको बैंक एवं बैंक ऑफ महाराष्ट्र में नए खाते खुलवाए जाते थे। खाता खुलवाने के उपरांत खाताधारकों से पासबुक,एटीएम कार्ड एवं सिम प्राप्त कर इन्हें आरोपी अकबर व हर्ष को बेचा जाता था। अकबर व हर्ष के द्वारा BINANCE एवं BYBIT एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल करेंसी खरीदते थे। उसके उपरांत उक्त डिजिटल करेंसी को टेलीग्राम पर काफी महेंगे दामों पर सायबर ठगों को बेचा जाता था और सायबर ठगों से प्राप्त बढी धनराशि के उपयोग देवास से खरीदे गया खातों में पैसा ट्रांसफर कराया जाता था। अकबर और हर्ष को भलीभाति यह ज्ञान था कि बाजार मुल्य से अत्याधिक राशि पर डिजिटल करेसी खरीदने वाले सायबर ठगी का पैसे उसमे इस्तमाल करते है।इसी वजह से खाते होल्ड होने से पहले यह गिरोह राशि ट्रांसफर होते ही तत्काल कैश विथड्राल कर लेता था। गिरोह ने अधिकांश खाते बैंक ऑफ महाराष्ट्र एवं युको बैंक मे भी इसी कारण खुलवाये थे क्योकि इन बैंको मे प्रतिदिन की विड्रॉल लिमिट अन्य बैंको की अपेक्षा अधिक थी।

# विद्यार्थियों ने लगाए कृषि विवि के कुलपति पर आरोप




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

विद्यार्थियों ने दिया मुख्यमंत्री के नाम का डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन, प्रदेश के 12 कृषि महाविद्यालय में उग्र आंदोलन की दी चेतावनी राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय आरएके कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों में गुरूवार को कड़ा आक्रोश दिखाई दिया। कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नारेबाजी करते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति पर आरोप लगाए। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को दिया। विद्यार्थियों ने सरकार से प्रस्तावित अवैध मर्जर प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की और मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश में सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी।

विद्यार्थियों ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्रों के कर्मचारियों पर दबाव डालकर कुलपति के द्वारा सहायक प्राध्यापक प्राध्यापक वैज्ञानिक के पदों पर मर्ज किया जा रहा है। अगर ऐसा किया गया तो कृषि कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हजारों छात्रों के भविष्य में नौकरियों का क्या होगा। हम सभी छात्र और छात्राएं अपने भविष्य के प्रति बेहद चिंतित और निराश हो रहे है।

**नए अभ्यर्थियों का होगा भविष्य खराब :** कृषि विज्ञान केंद्र का मूल उद्देश्य विस्तार कार्य, प्रसार गतिविधियाँ तथा कृषक केन्द्रित सेवाएँ प्रदान करना है। कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत कर्मचारी तय मानकों के अनुसार शिक्षण शैक्षणिक कैडर का हिस्सा नहीं होते उन्हें विश्वविद्यालय महाविद्यालय के शैक्षणिक पदों में समायोजित करना न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि यह पूरी प्रक्रिया पूर्णतः अवैध और अनुचित लाभ पहुँचाने वाली प्रतीत होती है। यदि कृषि विज्ञान केंद्रों के अयोग्य अथवा गैर-शैक्षणिक कैडर के कर्मचारियों को सीधे विश्वविद्यालय महाविद्यालय के शैक्षणिक पदों पर समायोजित किया जाता है, तो नए अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध रिक्तियों में भारी कमी आएगी।

# गोंड सभ्यता के महानायकों की गूंज, आदिवासी संस्कृति के संरक्षण का किया जीवंत मंच

### नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से गोंड समाज की परंपराएं, प्रकृति-पूजन और वीरता की परंपरा नई पीढ़ी तक पहुंची

**भैरुंदा।** नगर भैरुंदा में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पहल देखने को मिल रही है। मध्य प्रदेश सरकार का संस्कृति विभाग द्वारा 16 से 18 दिसंबर तक गोंड सभ्यता के महानायकों पर आधारित विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य गोंड समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और गौरवशाली इतिहास को आमजन के समक्ष जीवंत रूप में प्रस्तुत करना रहा।




कार्यक्रम के अंतर्गत गोंड सभ्यता से जुड़े महान राजाओं, वीर योद्धाओं और समाज सुधारकों के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। इन नाटकों में केवल ऐतिहासिक घटनाओं का मंचन ही नहीं, बल्कि गोंड समाज की जीवनशैली, प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व, वन-संरक्षण की भावना, लोकविश्वास और सामाजिक मूल्यों को भी प्रभावशाली ढंग से उकेरा गया। कलाकारों की सशक्त अभिनय शैली, पारंपरिक वेशभूषा और लोकसंगीत ने दर्शकों को गोंड संस्कृति की गहराई से परिचित कराया।दशहरा मैदान, भैरुंदा में आयोजित इन प्रस्तुतियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी, मातृशक्तियां और छोटे बच्चे उपस्थित रहे। दर्शकों की उत्सुकता और सहभागिता यह दर्शाती है कि समाज में अपनी जड़ों और सांस्कृतिक पहचान को जानने-समझने की भावना लगातार मजबूत हो रही है। खास बात यह रही कि बच्चों और युवाओं ने इन नाटकों के माध्यम से अपने इतिहास और नायकों के बारे में नई जानकारी प्राप्त की, जिससे उनमें सांस्कृतिक गर्व की भावना विकसित हुई। संस्कृति विभाग की इस पहल को आदिवासी समाज के संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम माना जा रहा है। गोंड समाज की संस्कृति मौखिक परंपराओं, लोककथाओं और लोकनाट्यों पर आधारित रही है। ऐसे में मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन परंपराओं को संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुँचाना समय की आवश्यकता है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाता है, बल्कि आदिवासी कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच भी प्रदान करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है और विभिन्न वर्गों के बीच आपसी समझ विकसित होती है। गोंड सभ्यता के महानायकों की कथाएं साहस, न्याय और प्रकृति के सम्मान का संदेश देती हैं, जो आज के समय में भी प्रासंगिक हैं। कुल मिलाकर, भैरुंदा में आयोजित यह सांस्कृतिक महोत्सव गोंड समाज और व्यापक आदिवासी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास है। ऐसे आयोजन न केवल इतिहास को जीवित रखते हैं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी बनते हैं।

# राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सदभावना शिविर में ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों का सम्मान

**सीहोर।** गुना में आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सद्भावना शिविर में ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्र भविष्य अहिरवार, सार्थक राठौर, समर्थ राठौर, सौरव राज, नैतिक परमार और गौतम पाटीदार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा के वार्षिक कार्यक्रम 2025–26 के तहत राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सद्भावना शिविर का आयोजन 12 से 16 दिसंबर 2025 तक क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय, गुना में किया गया।

ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्र भविष्य अहिरवार, सार्थक राठौर, समर्थ राठौर, सौरव राज, नैतिक परमार और गौतम पाटीदार को इस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।



छात्रों और उनके काउंसलर मयंक सोनकर को यह सम्मान डॉ. श्यामसिंह कुमरे, आई.ए.एस. (सेवा निवृत्त), चैयरमैन, म.प्र. रेडक्रॉस राज्य शाखा-भोपाल रामेन्द्रसिंह, जनरल सेकेट्री, म.प्र. रेडक्रॉस राज्य शाखा-भोपाल किशोर कुमार कन्याल, कलेक्टर/अध्यक्ष, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा-गुना और डॉ. ललित किशोर शर्मा, चैयरमैन, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा-गुना के द्वारा प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। शिविर में छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, असिस्टेंट डीईओ सलोनी शर्मा, बीईओ दीपा कीर एवं रेड क्रॉस जिला संघटक माधव सिंह यादव, आवासीय खेलकूद संस्थान प्राचार्य आलोक शर्मा, डी.एस.ओ. अत्ताउल्लाह खान, संकुल प्राचार्या नीना सिंह और आशीष शर्मा ने छात्रों को बधाई दी। विद्यालय के चेयरमैन एड. जॉली कुरियन, प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन और समस्त स्टाफ ने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व कौशल की सराहना की।

### विदिशा ने पीपीसीए को चार विकेट से हराया, हर्षित यादव ने खेली 34 रन की पारी



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर पीपीसीए अकादमी के तत्वाधान में खेली गई। गुरुवार को खेले गए सीहोर पीपीसीए और विदिशा के मध्य मैच खेला गया था, इस मैच में विदिशा टीम ने चार विकेट से जीत हासिल की, इस मैच में विदिशा की ओर से हर्षित यादव ने 34 रन और नितिन अहिरवार ने 22 रन की पारी खेली। इस मौके पर कोच अतुल त्रिवेदी और आदर्श राय आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आगामी दिनों में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा के मार्गदर्शन में अनेक खेल प्रतियोगिता खेली जाएगी।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सीहोर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 120 रन बनाए थे। इसमें हिमांशु ने 13 रन, युरेश भारती ने 26 गेंद पर 30 रन, नितिन चौहान ने 16 रन, नमन 15 रन और आशीष ने 17 रन बनाए थे। इधर विदिशा की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्षित-विनय ने एक-एक विकेट, हर्षित यादव, नैनिक मंगलम यादव, शुभांशु बघेल ने दो-दो विकेट हासिल किए।

**विदिशा ने चार विकेट से जीत हासिल की :** लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदिशा टीम ने छह विकेट खोकर 23.2 ओवर में जीत हासिल की। इसमें नितिन अहिरवार ने 22 रन, हर्षित यादव ने 34 रन, नैतिक कुमार ने 14 रन, विनय चौकसे ने 16 रन की शानदार पारी खेली। वहीं सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए राजेन्द्र गौर ने 4 ओवर में 26 रन देकर दो विकेट, दर्शिल समाधिया ने 3 ओवर में 11 रन देकर दो विकेट, अर्पित ने 3 ओवर में 15 रन देकर एक विकेट और किशन वर्मा ने 2.2 ओवर में 10 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

# सिलसिला व तलाश ए जौहर कार्यक्रम और मुशायरे का आयोजन

**सीहोर।** हिंदी भवन के महादेवी वर्मा सभागार भोपाल में म.प्र.उर्दू अकादमी के तत्वावधान में आयोजित सिलसिला एवं तलाश ए जौहर कार्यक्रम ओर मुशायरा जनाब मोहतरम वरिष्ठ शायर कौशर सिद्दीकी साहब की अध्यक्षता एवं जनाब मोहतरम अमेरिका से पधारे वरिष्ठ शायर जनाब मोहतरम डॉ अब्दुल्ला साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। म.प्र. उर्दू अकादमी की निर्देशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज युवा पीढ़ी साहित्य साधना में निरंतर अपने हुनर को तराश रही है। ओर भारत का नाम रोशन कर रही है। इस भव्य ओर अनुशासित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे म.प्र.साहित्य साधना मंच सीहोर के जिलाध्यक्ष डॉ अनीस खान एवं संस्थापक - सुरेश जायसवाल बिशेष रुप से आमंत्रित किए गए थे।



इस अवसर पर साहित्य साधना मंच सीहोर की ओर से डॉ नुसरत मेहदी का साहित्य के प्रति समर्पण, काबिले तारीफ़ योगदान, एवं उर्दू अकादमी के लिए सराहनीय कार्यो के लिए जैसे सिलसिला एवं तलाश ए जौहर के माध्यम से नवांकुर शायरों को तराशने में आपने जो अमूल्य योगदान दिया उसी प्ररित होकर कई वरिष्ठ शायर एवं साहित्यकारो की उपस्थिति में सम्मानित कर सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

डॉ नुसरत मेहदी को बधाई देने वालों प्रदेशाध्यक्ष अशोक व्यग्र, कमलेश नूर, डॉ साक्षी जैन, कमलेश शर्मा कमल, सुरेश श्रीवास्तव, डॉ मंगलेश जायसवाल, डॉ कृष्ण कुमार नेमा, मुमताज भाई,डॉ अखिलेश हठीला, राहुल ठाकुर, संदीप मेवाड़ा आदि।

### आए दिन झगड़े, मारपीट और गाली-गलौज की हो रही हैं घटनाएं

# ग्राम सोयत में अवैध शराब व गांजा बिक्री पर रोक की मांग, महिलाओं ने पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

रेहटी तहसील अंतर्गत ग्राम सोयत में अवैध शराब एवं गांजा बिक्री पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर अनेक संख्याओं में महिलाएं एवं ग्रामीण थाना रेहटी पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि गांव में लंबे समय से अवैध रूप से शराब और गांजा बेचा जा रहा है, जिससे आए दिन झगड़े, मारपीट और गाली-गलौज की घटनाएं हो रही हैं। शराब के नशे में लोग महिलाओं से अभद्र व्यवहार करते हैं, बच्चों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। और कई लोग नशे की लत के शिकार हो रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि अवैध बिक्री के कारण गांव का शांतिपूर्ण माहौल खराब हो रहा है और सामाजिक सौहार्द बिगड़ रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ग्राम सोयत में अवैध शराब व गांजा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति एवं सुरक्षा बनी रहे।



इस संबंध में ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस तथा तहसीलदार को भी भेजी गई है।रेहटी थाना प्रभारी राजेश काहरे का कहना है कि पुलिस द्वारा लगातार अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जो लगेतार जारी रहेगी।

# लहसुन और प्याज फसलों का निरीक्षण, कीट नियंत्रण व सूक्ष्म सिंचाई पर दिया मार्गदर्शन

**सीहोर।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, जिला सीहोर के सहायक संचालक उद्यान द्वारा विकासखण्ड सीहोर के ग्राम झरखेड़ा में कृषक रमेश चंद्र पाटीदार एवं शिवप्रसाद पाटीदार के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान लहसुन एवं प्याज फसलों की स्थिति का अवलोकन कर रस चूसक कीट के नियंत्रण हेतु इमिडाक्लोप्रिड एवं थायोमेथोक्जाम की अनुशंसित मात्रा में छिड़काव करने की सलाह दी गई।



साथ ही फसलों में लगने वाले अन्य कीट एवं रोगों की पहचान, रोकथाम एवं समुचित प्रबंधन के संबंध में कृषकों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत कृषकों के खेतों में स्थापित मिनी स्प्रिंकलर प्रणाली का भी निरीक्षण किया गया तथा जल संरक्षण एवं सिंचाई दक्षता बढ़ाने के लिए ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाने हेतु कृषकों को प्रेरित किया गया।

टीएल बैठक में विभिन्न पेंडेंसी व अफसरों की लापरवाही पर कलेक्टर का सख्त रुख

# लापरवाही पर किसी की वेतनवृद्धि रोकी तो किसी को शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टोरेट सभागार में बुधवार को आयोजित टीएल(टाईम लिमिट) बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों सहित अन्य लापरवाहियों पर सख्त रुख में नजर आए। उन्होंने कुछ लापरवाह अफसरों व कर्मचारियों की वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए वहीं कुछ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। पूर्व की बैठकों में कलेक्टर डॉ. जिला पेंशन अधिकारी एवं कोषालय कार्यालय को पेंशन प्रकरणों के बिल जनरेट की विभागवार जानकारी समक्ष में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। उक्त जानकारी आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी व जिला कोषालय अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर 7 दिवस में जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही साथ ही पेंशनरों की जानकारी सत्यापित न होने की स्थिति में संबंधित विभाग प्रमुख का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर डिस्ट्रिक होमगार्ड कमांडेंट को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।



### निर्धारित लक्ष्य पूर्ण न होने पर करेंगे कड़ी कार्रवाई

पीएम आवास योजना की समीक्षा अंतर्गत जिला परियोजना अधिकारी को नगरीय निकायों से निकायवार प्राप्त आवेदनों की संख्या, स्वीकृत प्रकरणों तथा अस्वीकृति के कारणों, पट्टों के आवेदनों सहित समस्त जानकारी एसडीएम द्वारा सीएमओ के साथ समन्वय कर गूगल शीट में नियमित रूप से अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए। पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) से संबंधित बढ़ती शिकायतों पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आगामी 7 से 10 दिवस में एनआरसी की ऑक्यूपेंसी शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### लेखापाल की वेतनवृद्धि रोक लेखा-पुस्तिका में करें दर्ज

बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि विभाग के लेखापाल दिनेश पारीख की वेतनवृद्धि रोकते हुए उसे उनकी सेवा-पुस्तिका में दर्ज करें। उल्लेखनीय है कि लेखापाल की वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश पूर्व में जारी किए गए थे लेकिन उनका अभी तक पालन नहीं करने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की।

### केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर करें तैयारियां

आगामी 20 दिसंबर को जिले में केंद्रीय सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम को लेकर सभी अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए। कार्यक्रम में आयोजित होने वाली गतिविधियों की विस्तृत योजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश जिला खेल अधिकारी को दिए।

कई स्थानों पर घंटों तक लगा रहा जाम, एम्बुलेंस भी फंसी

# हर बुधवार की पीड़ा बना राजगढ़ का साप्ताहिक हाट-बाजार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय पर हर बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट-बाजार के संचालन के लिए सुव्यवस्था नहीं किए जाने से यह हफ्ते की पीड़ा बनता जा रहा है। कल के हाट-बाजार में पूरे दिन मेन मार्केट सहित नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप के चैराहे एवं नवीन दशहरा मैदान पहुंच मार्ग पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रही। आलम यह था कि जाम में एम्बुलेंस भी फंस गई जिसे बमुश्किल जाम से निकाला गया। शहरवासियों द्वारा लंबे अर्से से साप्ताहिक हाट-बाजार के लिए अलग से स्थान चयन करने की मांग नगर पालिका एवं प्रशासन से की जा रही है लेकिन अभी तक इस बारे में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। यही कारण है कि हाट-बाजार में खरीदी करने आने वाले ग्रामीणों के साथ-साथ नगरवासियों को भी हर बुधवार खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### मेन मार्केट में भी जाम के हालात

ऐसा नहीं है कि हाट-बाजार में जाम के हालात सिर्फ कुछे स्थानों पर ही बनते हैं। बल्कि, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक समूचे मेन मार्केट में भी यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है। दो-पहिया सहित चार-पहिया वाहनों के हाट-बाजार में दाखिल होने पर हालात बद से बदतर हो जाया करते हैं।

# अंशुल तिवारी प्रदेश भाजपा सह-मीडिया प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने संगठन में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सशक्त कदम उठाते हुए राजगढ़ के अंशुल तिवारी को अहम जिम्मेदारी सौंपी है। तिवारी को पार्टी ने मध्यप्रदेश का सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन का मानना है कि उनकी सक्रियता, वैचारिक स्पष्टता और मीडिया क्षेत्र में मजबूत पकड़ से पार्टी की संचार, प्रसार-प्रसार रणनीति को नई ऊंचाईयां मिलेंगी।



आपको बतादें कि अंशुल तिवारी को पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाया जा चुका है। इसके उपरान्त भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष रहते हुए उन्हें प्रदेश के कई जिलों का दायित्व सौंपा गया जहां उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को मजबूती प्रदान की। अंशुल ने बताया कि उन्हें मिले इस दायित्व को वे पार्टी की रीति-नीति, सरकार की उपलब्धियों और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

प्रदेश नेतृत्व की सहमति उपरान्त पार्टी जिलाध्यक्ष ने जारी की सूची

# भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित महिलाओं को भी सौंपे गए अहम पद

**राजगढ़-ब्यावरा।** लंबे समय बाद भारतीय जनता पार्टी ने अंततः अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने मंगलवार देर रात्रि 20 जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की है जिनमें चार महिला कार्यकर्ताओं को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

7 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 7 मंत्री सहित अन्य पदों के पदाधिकारी घोषित किए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यकारिणी में अक्षय सक्सेना, मोहन गुप्ता, बृजकिशोर मीणा, पंकज शर्मा, इंदर सिंह लववंषी, श्रवण पाटीदार, रामचरण दीपक किरार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह देवीसिंह सौंधिया एवं ममता इंदौरिया को महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया है। पार्टी जिलाध्यक्ष ने 07 मंत्री नियुक्त किए हैं जिनमें अनीता वर्मा, पद्मा वैष्णव, सुश्री माधवी परमार, सतेंद्र सिंह राठौर, हनुमान पाटीदार, घनश्याम नागर एवं मनोहर सिंह परमार शामिल है। इसके साथ ही शेलेष गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष, देवेंद्र गौड़ जिला सह-कोषाध्यक्ष, श्याम मंडलोई कार्यालय मंत्री एवं फूलसिंह तंवर को सह-कार्यालय मंत्री बनाया गया है।

### पार्टी की रीति-नीति के अनुरूप चलने की अपेक्षा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति उपरान्त घोषित जिला कार्यकारिणी में शामिल सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की रीति, नीति के अनुरूप कार्य करते हुए सौंपे गए दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ निवर्हन करेंगे।

राहुल को मिली ब्लॉक अध्यक्ष की कमान

# ब्यावरा कांग्रेस में बदलाव होने से जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

संगठन को धार देने और ग्रास रूट पर मजबूती लाने के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी ने ब्यावरा ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। इस नई टीम का नेतृत्व युवा और ऊर्जावान नेता राहुल दांगी को सौंपा गया है। राहुल दांगी को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में पार्टी की नई रणनीति के संकेत मिलने लगे हैं। राहुल दांगी का राजनीतिक ग्राफ काफी प्रभावशाली रहा है। वे पूर्व में एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जहाँ



उन्होंने छात्र राजनीति के जरिए जिले भर में अपनी मजबूत पैठ बनाई थी। पार्टी सूत्रों की मानें तो उनकी संगठनात्मक क्षमता और वफादारी को देखते हुए ही उन्हें अब ब्लॉक की कमान सौंपी गई है। राहुल ने वरिष्ठ नेत्त्व का आभार व्यक्त करते हुंए जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिह एवं जयवध्रन सिंह को कृतज्ञता ज्ञापित की है। नवनियुक्त अध्यक्ष राहुल दांगी ने पदभार संभालते ही संकेत दिए हैं कि उनकी प्राथमिकता बूथ स्तर पर कांग्रेस को फिर से खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में ब्लॉक कार्यकारिणी को सक्रिय करेंगे और जनता की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरेंगे। उनकी इस नियुक्ति से युवाओं में खासा उत्साह है, जिसका सीधा असर आने वाले स्थानीय कार्यक्रमों और आंदोलनों में देखने को मिल सकता है।

हार्डवेयर सप्लायर ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

# 10 लाख का माल उधार लेकर नहीं किया पेमेंट, एफआईआर

**राजगढ़।** अक्सर कुछ लोग विभिन्न प्रतिष्ठानों, सप्लायरों से उधारी में माल ले लिया करते हैं लेकिन जब पेमेंट की बारी आती है तो हीलाहवाली करते हुए बाद में मुकर जाते हैं। एक ऐसे ही मामले में राजगढ़ निवासी एक हार्डवेयर दुकान संचालक से करीब 10 लाख रुपए का माल उधार लेकर पेमेंट न करने वाले व्यक्ति पर कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

**क्या है पूरा मामला-** पुलिस ने बताया कि खुजनेर रोड स्थित तंवर ब्रदर्स सप्लायर से मोहन तंवर निवासी टांडीकला हाल मुकाम गिरनार सिटी द्वारा साल 2021 से सीमेंट, सरिया सहित हार्डवेयर से जुड़े कई तरह के सामान उधारी पर लिए गए। दुकान संचालक चंद्रपाल सिंह तंवर ने करीब 10 लाख रुपए का माल उन्हें उधार दे दिया। दुकान संचालक द्वारा कई बार तकाजा किए जाने के बाद भी मोहन तंवर द्वारा उनका पेमेंट नहीं किया गया। चंद्रपाल ने कोतवाली आपबीती बताई। पुलिस ने माल उधार लेकर भुगतान न करने वाले मोहन तंवर पर बीएनएस की धारा 406 के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की है।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल आश्वासन के बाद स्थगित

# नगर परिषद सीएमओ ने कलम रख सफाई के लिए उठाया झाडू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर परिषद सफाई कर्मचारी की छे दिनों से चल आ रही थी हड़ताल मंगलवार रात्रि में परिषद द्वारा सफाई कर्मचारी की मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने के आश्वासन वा कुछ वरिष्ठजनों की समझाईश के बाद हड़ताल स्थगित हो गई और काम पर लौट आये । गुरुवार से सफाई कर्मचारियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये थे, सीएमओ द्वारा धरना स्थल पर जा कर कई बार उनको समझाया भी था लेकिन अपनी मांगों को लेकर टस से मस नहीं हो रहे थे, इसी बीच सीएमओ देवेंद्र वत्स ने ऑफिस के कर्मचारियों नगर की सफाई शुरू करवाई साथ ही स्वयं ने भी झाडू हाथ में लेकर नगर की सफाई के लिए मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार के खत्म होने के बाद बाजार का कचरा अपने कर्मचारी वा पार्षदों के साथ मिलकर सफाई अभियान में जुट गये इस कार्य में नगर के लोगों का सहयोग भी मिला इसी बीच सफाई कर्मचारीयो से भी वार्ता जारी थी लेकिन नगर में सड़कों पर कचरा ना रहे ये भी प्राथमिकता थी इसीलिए अपने कर्मचारियों पार्षदों के साथ सफाई अभियान शुरू किया जिसका परिणाम सार्थक सिद्ध हुआ और सफाई कर्मचारी बुधवार को अपने काम पर लौट आए।

# 10 श्रमिकों को सौंपे 21 लाख के स्वीकृति पत्र



**खिलचीपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश में 7227 श्रमिक परिवारों को 160 करोड़ राशि अंतरित की गई। इसी क्रम में जनपद पंचायत खिलचीपुर में विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा 10 श्रमिकों को 21 लाख रुपए के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वहीं स्वच्छता साथी वाश ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत ऑन कॉल सफाई हेतु स्वच्छता मित्र को सफाई कीट भी वितरण की गई। कार्यक्रम में विधायक दांगी, गोविंद सिंह सोलंकी सीईओ जनपद पंचायत, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील नैनावत, देवेंद्र गौड़ जिला महामंत्री किसान मोर्चा, अजय साहू जिला सह संयोजक, गिरीश सोनी मंडल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, संजय भिलाला अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधिगण,सरपंचगण उपस्थित रहे।

जिला जेल में शुरू हुआ सात दिवसीय प्रशिक्षण

# बंदियों को दे रहे रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण ताकि जिएं बेहतर जिंदगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विभिन्न अपराधों के चलते जेल में सजा काट रहे बंदियों के लिए सेवा भारती संस्था ने अभिनव प्रयास करते हुए 07 दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की शुरूआत की है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य इन बंदियों के जेल से छूटने के उपरान्त उन्हें स्वावलंबी बनाना है ताकि वे अपराध की दुनिया को छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। सेवा भारतीय जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, सचिव मार्तण्ड सिंह सौलंकी, मुख्य प्रशिक्षक श्री बलराम, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र विजय सहित अन्य ने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस बंदियों को कई महत्वपूर्ण बातें बताई गईं। उन्हें समझाया गया कि जेल से सजा काटने के उपरान्त आम व्यक्तियों की तरह जीवन जीते हुए संभ्रांत नागरिक की तरह अपने और अपने परिवार का दायित्व उठाएं।

### कई तरह के दिए जाएंगे प्रशिक्षण

सात दिवसीय रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के दौरान जेल में निरुद्ध बंदियों को इलेक्ट्रिक झालर बनाना, मोटर वाइंडिंग सहित इसी तरह के अन्य कार्य सिखाए जाएंगे। जेल अधीक्षक आलोक बाजपेयी, जेल चिकित्सक दीपक सोनी, जेल शिक्षक लखन सिंह, मुख्य प्रहरी अमर सिंह सौलंकी उपस्थित थे।

गांधी सागर क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य, जल पर्यावरण व जैव विविधता के संरक्षण पर जानकारी ली

# छात्रों ने किया इतिहास, सांस्कृतिक और पर्यावरण का अध्ययन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

दरियापुर शासकीय हाई स्कूल द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सत्र 2025 -26 का शैक्षणिक भ्रमण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ । इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों से बाहर निकाल कर प्रत्यक्ष रूप से इतिहास संस्कृति प्रकृति और अध्यात्म को समझने का अवसर प्रदान करना था। भ्रमण के तहत छात्र-छात्राओं ने गांधी सागर ,सांवरिया सेठ मंदिर चित्तौड़गढ़ दुर्ग जौहर कुंड रानी पद्मिनी महल, संग्रहालय, रानी पद्मिनी तालाब रानी का झरोखा एवं महाभारत कालीन धर्मराजेश्वर मंदिर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया विशेष रूप से चित्तौड़गढ़ दुर्ग में विद्यार्थियों ने मेवाड़ की वीर गाथा जोहर की परंपरा तथा किले की भव्य स्थापत्य कला को करीब से समझा।

संग्रहालय में दुर्लभ मूर्ति कला प्राचीन हथियारों और लोक संस्कृति से जुड़े संसाधनों ने छात्रों को गहराई से प्रभावित किया । इस मंदिर का निर्माण एक ही चट्टान से किया गया हैस वर्तमान समय में मंदिर के ऊपरी भाग पर भगवान विष्णु की प्रतिमा तथा मंदिर के स्थल पर शिवलिंग के दर्शन होते हैं! महाभारत कालीन इस मंदिर में भीम की लेटी हुई प्रतिमा भीम बाजार तथा बौद्ध गुफाएं देखकर छात्र-छात्राएं देखकर बड़े आश्चर्य चकित हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री श्याम बिहारी कौशिक एवं शिक्षक दिनेश विशालिया अरुण दांगी हेमंत सोनी बने सिंह दांगी शिक्षिका तृप्ति वैद्य के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम उत्साह पूर्ण और अनुशासित तरीके से संपन्न हुआ छात्रों ने इस भ्रमण के माध्यम से इतिहास संस्कृति भूगोल और पर्यावरण के प्रति नई दृष्टि विकसित की तथा राष्ट्र की धरोहरों को सुरक्षित रखने की प्रेरणा प्राप्त की।

# विवेकानंद एकेडमी व सिस्टर निवेदिता के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**ब्यावरा।** 12 और 13 दिसम्बर को विवेकानंद एकेडमी एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स सीनियर सेंकडरी स्कूल ब्यावरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक, धार्मिक एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थल मांडवगढ़, महेश्वर, ओंकारेश्वर का भ्रमण विद्यालय द्वारा कराया गया। भ्रमण में छात्र, छात्राओं ने मांडवगढ़ में स्थित जहाज महल, रानी रूपमती महल, रेवा कुंड आदि एवं महेश्वर में देवीअहिल्या बाई होलकर के किले एवं उस समय के प्राचीन संग्रहालय एवं माँ नर्मदा में स्नान का आनंद लिया साथ ही ओमकारेश्वर ज्योतिलिंग के दर्शन किए इन भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों द्वारा ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक स्मारकों का निकटता से अवलोकन किया एवं दो दिवसीय टूर का आनंद लिया।

# बाल विवाह रोकने संबंधी जागरुकता व कॉलेज चलो अभियान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा बाल विवाह रोकने संबंधी जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा शपथ दिलवाकर समाज में फैल रहे बाल विवाह के रोकथाम के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह के प्रथा को खत्म करने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में तेजी लाने एवं अभियान के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बाल विवाह उन्मूलन हेतु जन जागरूकता को अधिक सशक्त बनाने हेतु पूरे देश में 100 दिनों का इंटेंसिव थीम वाला अभियान 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक चलाया जाना है। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.ममता खोईया के द्वारा भी बाल विवाह रोकने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया। बाल विवाह रोकथाम कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा शपथ दिलवाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। आज के दिन कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन के अंतर्गत कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ. विमल लोदवाल के द्वारा भी बाल विवाह के रोकथाम के साथ कॉलेज चलो अभियान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय मॉडल स्कूल सारंगपुर में जाकर कॉलेज चलो अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य सहित अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। प्रो. संगीता गुप्ता के द्वारा भी कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत नवीन शिक्षा नीति को विस्तार से छात्र-छात्राओं को समझाया गया। मॉडल स्कूल की प्राचार्य बबीता मिश्रा द्वारा भी हम सभी को बहुत सहयोग प्रदान किया गया और इसके साथ-साथ कॉलेज चलो अभियान में अपने छात्र-छात्राओं को मोटिवेशन किया।

**खबर संक्षेप**

## सहकारी प्रदर्शनी का समापन हुआ




**सीहोर।** मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग, सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में सहकारी प्रदर्शनी के दुसरे दिन श्रीमती महिमा शर्मा मार्केटिंग आफिसर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम भोपाल, भारत सिंह चौहान प्रबंधक विपणन संस्था सीहोर, मुकेश भावसार शाखा प्रबंधक सहकारी बैंक शाखा मण्डी सीहोर द्वारा सहकारी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सभी संस्थाओं के उत्पाद विक्रेताओं से उत्पादों की गुणवत्ता व संस्था विकास पर चर्चा की गई। तत्पश्चात शाम 5 बजे सुधीर कैथवास प्रभारी उपायुक्त, सुनील सक्सेना अंकेक्षण अधिकारी, रंजीत सिंह रैकवाल वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक सहकारिता विभाग जिला सीहोर, तेजसिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी संघ सीहोर की उपस्थिति में सुधीर कैथवास प्रभारी उपायुक्त द्वारा सम्बोधित करते हुए कहाकि आपकी संस्थाओं के उत्पाद जनहित में लाभदायक हैं। संस्थाओं में और बेहतर उत्पादों का निर्माण करें जिससे सदस्यों के साथ साथ संस्था का आर्थिक विकास हो। सहकारिता क्षेत्र में जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर द्वारा सहकारी प्रसार—रथ एवं सहकारी सम्मेलन, संगोष्ठी, सहकारी प्रदर्शनी के माध्यम से सहकारिता के माध्यम से शासन द्वारा संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है। आज सहकारी प्रचार रथ कृषि उपज मण्डी प्रांगण प्रचार करते हुए बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था पचामा होते हुए ग्राम खामलिया, नरेला, में प्रचार किया गया। जो कि सराहनीय है। इसके लिए जिला सहकारी संघ के प्रशासक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कर्मचारीगण धन्यवाद पात्र हैं। अन्त में सहकारी प्रदर्शनी का समापन किया गया।

### बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन की तैयारी में आदिवासी समाज

# आदिवासियों के साथ मारपीट करने वाले वनकर्मियों को निलंबित करने की मांग




### विभागीय कार्यवाही के नाम पर सिर्फ लाइन अटैच होंगे वन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जल जमीन जंगल के सहारे कठिनाईयों में मजबूरवश जीवन यापन करने वाले आदिवासी समाज पर बीते दिनों वन अधिकारियों द्वारा रात के अंधेरे में की गई गुण्डागर्दी और मारपीट के मामले में अब जिले के वरिष्ठ वन अधिकारियों ने संज्ञान लिया है और आरोपी वन अधिकारियों को अटैक करने की तैयारी कर रहा है वही दूसरी और स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन देने के बाद भी निलंबन की मांग पूरी नहीं होने पर आदिवासी समाज बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन की तैयारी कर रहा है। गौरतलब है कि बीते दिनों सिद्दीगंज थानांतर्गत ग्राम पीथापुरा में डिप्टी रेंजर छगनलाल भिलाला, वनरक्षक विजय वर्मा, फैजल बर्नी व एक दर्जन के लगभग वनकर्मी आधी रात को पुरूषों की गैर मौजूदगी में घरों के दरवाजे तोड़ अपने निजी स्वार्थ के चलते महिला के साथ गाली गलोच जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए मारपीट की थी। जिसके बाद महिला की शिकायत पर वन अधिकारियों पर सिद्धीगंज थाने में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया था। वही कुछ घंटों बाद वन अधिकारियों की शिकायत पर आदिवासियों पर भी शासकीय कार्य में बाधा और वन अधिकारियों से मारपीट, वाहनों में तोड़फोड़ का प्रकरण सिद्धीगंज पुलिस ने दर्ज किया था। जिससे आक्रोशित आदिवासी समाज ने बीते सोमवार को बड़ी संख्या में जमा होकर नारेबाजी करते हुए आष्टा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सोपा था। ज्ञापन में आदिवासी समाज ने आष्टा रेंजर नवनीत झा सहित अन्य वनकर्मियों पर जो घटना में सम्मिलत थे उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी। वही मांग पूरी नहीं होने पर नहीं हुई तो प्रदेशभर में उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी थी।

### महिला के साथ मारपीट करने वाले वनकर्मियों को निलंबित करने की मांग

ग्राम पीथापुरा में हुई घटना पर आष्टा रेंजर नवनीत झा पर भी गंभीर लगाए गए थे वही डिप्टी रेंजर छगनलाल भिलाला, वनरक्षक विजय वर्मा, फैजल बर्नी आदि वन कर्मचारियों पर रात के अंधेरे में महिला रानू बाई व मीरा बाई के घर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसकर घरेलू सामान की तोड़ फौड़ कर घर में सो रहे छोटे छोटे बच्चों पर अत्याचार करने के गंभीर आरोप लगने के बाद सिद्धिगंज थाने में प्रकरण दर्ज किया था। जिन पर अब तक कोई विभागीय कार्यवाही नहीं होने से आदिवासी समाज में आक्रोश है और इन सभी आरोपी वन अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की है।

### झूठा प्रकरण दर्ज करने के आरोप

पीथापूरा में हुई घटना के बाद आदिवासी समाज के लोगों पर भी वन विभाग की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किए थे। बीते सोमवार को दिए ज्ञापन में आदिवासी समाज ने कहा था कि हमारे समाज के लोगों के साथ ज्यादती हुई फिर भी वन विभाग के डिप्टी रेंजर छगनलाल भिलाला की रिपोर्ट पर चार आदिवासी समाज के लोगों पर झूठा प्रकरण दर्ज कराया। लगातार वन विभाग का अत्याचार उपर से झूठी रिपोर्ट की गई इसके कारण बीते सोमवार को सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग तहसील कार्यालय पहूंचे थे जहां एसडीएम नितिन कुमार टाले के सामने अपनी बात रखते हुए जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान और आदिवासी नेता सुनील कटारा ने दर्ज प्रकरणों को खत्म करने की मांग की थी। वही सात दिन की चैतावनी देते हुए कहा था कि सात दिवस के अंदर रेंजर नवनीत झा व घटना में लिप्त कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं हुई तो और उग्र आंदोलन होगा। ऐसे में अब आरोपी वन अधिकारियों के निलंबित नहीं होने पर आदिवासी समाज बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है

### सिर्फ अटैच कर खानापूर्ति करने की तैयारी, रेंजर को बचाने के आरोप

बीते सोमवार को आदिवासी समाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बाद जिले के वन अधिकारी भी अपने वन अधिकारियों को बचाने में जुट गए हैं और विभागीय कार्यवाही के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रहे हैं डीएफओ अर्चना पटेल ने कहा कि पुलिस भी जांच कर रही है दोनों तरफ से एफआईआर हुई है हम जांच के बाद ही कोई कार्यवाही करेंगे वहीं फिलहाल जांच प्रभावित नहीं हो इसके लिए आरोपी वन अधिकारी, कर्मचारियों को अटैच किया जाएगा ।

### बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन की तैयारी शामिल होंगे आदिवासी समाज के लोग

दूसरी और आदिवासी समाज वन अधिकारियों के निलंबन पर अड़ा हुआ है आदिवासी नेता सुनील कटारा ने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है कि हमारे आदिवासी भाइयों पर दर्ज हुई एफआईआर वापस ली जाय और मारपीट करने वाले वन अधिकारियों को निलंबित किया जाए। हमने सात दिनों का समय दिया था यदि कार्यवाही नहीं हुई तो बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसमें बाहर के शहरों नेमावर, खातेगांव,देवास, शाजापुर, सोनकच्छ, सीहोर, बुधनी, नसरुल्लागंज से भी बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल होकर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन उमड़े श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिंधी कॉलोनी मैदान पर शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन पंडाल सैकड़ों श्रद्धालुओं से भर गया। भागवत व्यास प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने शुकदेव प्राकट्य, शिव विवाह, कृष्णजन्म कथा के बाद पंचम दिवस गुरूवार को गोवर्धन पूजा प्रसंग श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। पंडाल में श्रद्धालु महिलाओं ने हरे वस्त्र पहनकर गोवर्धन का पूजन किया। कन्हैया की बाल लीलाऐं और कर्मा बाई की कथा रखते हुए प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने कहा कि भगवान की बाल लीलाऐं हमें प्रभू के होने का संकेत देती है।

माताऐं ठाकुरजी का ध्यान अपने घरों में बालक की भांति रखे और भक्ति भाव से प्रभू का भजन करते रहे। पंचम दिवस कथा का शुभारंभ शिव शक्ति सांस्कृतिक मनोज शर्मा,ममता शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी ने श्रद्धालुओं के साथ भागवत गीता और देवी देवताओं को पूजन किया और विश्वकल्याण के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात मधुर भजनों के साथ प्रज्ञा विष्णु प्रिया ने कथा का प्रारंभ किया। उन्होने कहा कि अब हम भागवत महापुराण के हृदय में प्रवेश कर चुके हैं क्योंकि इस कथा का दशम स्कंदन अब हम सुन रहे हैं। इस महापुराण का दशम स्कंध पूरी महापुराण का हृदय है। इसी दशम स्कंद में ठाकुर जी की लीलाएं हैं। ठाकुरजी की बाल लीलाएं किसी पुराण में नहीं मिलेगी इसलिए यह लीला इस कथा का हृदय है। उन्होने कहा कि राजा बलि कथा, ठाकुरजी जन्म कथा, भारतजी का चलचित्र, रामजी का चरित्र और भक्त प्रहलाद कथा, समुद्र मंथन कथा और गजेंद्र मोक्ष कथा हमें प्रभू की भक्ति से मिलने वाली शक्ति का दर्शन कराती है ठाकुरजी के प्रति लगाव और समर्पण हमें भक्ति मार्ग पर ले जाता है। प्रभु की शरण में जाने से संसार के सभी दुख स्वतः समास्त हो जाते है। हम पहले प्रणाम करे ठाकुर जी के सुंदर रूप कैसा ध्यान करें कैसे ठाकुरजी के नेत्र हैं कैसे ठाकुर जी का रूप है ऐसे घुंघराले उनके बाल है कैसा उनका कोमल शरीर है नीलकमल के सुमन ठाकुर का वर्ण है। ठाकुरजी के चार हाथ है, सॉन्ग, चक्र, गदा, और पदमा लिए ठाकुर जी मनमोहक है। चक्र गधा से कंस को भगवान मारते है। ठाकुरजी से नजर मिलाकर रखे उनको सब बताकर चले सब कुछ अच्छा होगा। उन्होने कहा कि ठाकुर जी का घर में माताऐं पूरा ध्यान रखें समय से भोज खिलाऐं, समय से स्नान कराऐं, अभी ठंड है तो रोज रोज स्नान मत कराओ,थोड़े हल्के गर्म पानी से प्रभू को स्नान करवाओ आपके घर में जो छोटा बालक है उसके प्रति जैसा भाव है वैसा भाव ठाकुर जी के प्रति रखो जितना ध्यान उसका रखते हो उतना ध्यान ठाकुर जी का रखो। छोटा बालक होता है कितना ध्यान से हम उसका ध्यान रखते है। ठाकुर जी का सोलह सिंगार करो लोग खुद के लिए तो इतना धन लगा देते हैं लेकिन ठाकुरजी का ध्यान नहीं रखते है इस कारण ठाकुरजी भी उनका ध्यान नहीं रखते है। उन्हें को किसी की जरूरत नहीं है स्वयं संसार के मालिक है जगत के स्वामी है। भगवान ने भक्त की सरलता पर रिझ जाते है।

## दों ग्राम पंचायत में मांगलिक भवन टीन शेड निर्माण कराने विधायक ने 11 लख रुपए देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर लगातार ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण एवं जनसंपर्क के कार्य में लगे हुए हैं। जनसंपर्क व भ्रमण के दौरान आज आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मेमदाखेड़ी एवं पटाडा चौहान पहुंचने। सामाजिक बंधुओ ने विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित कर उनका स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दोनों ग्रामों के मध्य ग्रामीणों की सुविधा के लिए एक मांगलिक भवन एवं टीन सेट निर्माण हेतु 11 लाख रुपए देने की घोषणा की जिसका दोनों ग्रामों के ग्रामीण जनों द्वारा स्वागत कर विधायक का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की में विगत 20 साल से सक्रिय राजनीति में हु लेकिन 2 साल पहले मेरा 18 साल का जो राजनीति का वनवास था उसे भाजपा ने खत्म कराया और मुझे विजय बना कर जनता ने सेवा का अवसर दिया । मेरा सपना है की इस क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में विकास के कार्य पहुचे ओर उसी ध्येय को लेकर कार्य कर रहा हु। अभी हमारी भाजपा की सरकार का एवं हमारा पूरा ध्येय ये है प्रत्येक पंचायत में सुव्यवस्थित शमशान एवं पहुच मार्ग हो,मांगलिक भवन हो। अभी 58 मांगलिक भवन हमारी सरकार से स्वीकृत कराये है।

मुझे आपने जो आशीर्वाद दिया है। मेरा भी लक्ष्य है आष्टा विधानसभा को स्मार्ट विकसित विधानसभा के रूप में विकसित करू ।आयोजित कार्यक्रम में सरपंच, जनपद सदस्य सभी ग्रामीणों की मांग पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दोनों ग्रामो के मध्य मांगलिक भवन टीन शेड निर्माण के लिये 11 लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की जिसका सभी ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य वीरेन्द्रसिंह ठाकुर पटाडा,दिनेश पंवार,जितेन्द्र सोलंकी, शंकरलाल, जयसिंह, विक्रमसिंह, हेमराज, कन्हैयालाल, पूरणसिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु,ग्रामीणजन, मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्तिथ थे।

## संगठन सृजन के तहत कांग्रेस ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन तहत आष्टा विधानसभा क्षेत्र के चारों ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर मेमदाखेड़ी आष्टा, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर सेमली बारी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश राजपूत एवं सिद्धि गंज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजाराम मालवीय को नियुक्त किया गया। इन नियुक्तियों से क्षेत्र में खुशी का माहौल है इस अवसर पर कांग्रेस परिवार द्वारा नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर एवं राजाराम मालवीय का जोरदार स्वागत किया गया। इस स्वागत अवसर पर धर्मेंद्र ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा आपके आशीर्वाद से मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है। मैं उस जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करुंगा। सिद्धि गंजब्लाक अध्यक्ष राजाराम मालवीय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। आपके सहयोग से मैं इस जिम्मेदारी को ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता भैया मियां, कमल सिंह चौहान, डॉ मीना विनीत सिंगी, डॉ ओपी वर्मा, कमल सिंह पहलवान, सोभाल सिंह ठाकुर, पहलाद सिंह वर्म,ा सोभाल सिंह ठाकुर, बगैर सुनील सेठी, शांतिलाल मंडलोई, रमेश मुकाती, मेहरबान सिंह मुंडी खेड़ी, इदरीश मंसूरी, नरेश कप्तान, बनाप सिंह पटेल, हर परमार, जगदीश चौहान, शेख नईमुद्दीन, सलीम अंसारी, कलीमुद्दीन, भैया एमपी, विश्राम सिंह ठाकुर, जीवन सिंह ठाकुर, कमल सिंह ठाकुर, मेमदाखेड़ी, आत्माराम परमार, अलकर मेवाड़ा, लोकेंद्र भाटी, रामचरण देवरिया, बंसीलाल मुंबई, राजेश इंजीनियर, कृपाल मालवीय, विनोद ठाकुर, सूरज सिंह भान खेड़ी, अकबर शाह, मुमताज खान, खालिद खान, मुकेश पांचाल, अनूप जैन, कचरू, हेमंत सोनी, राजन जैन, दीपक कंचन, इनाम खान, देवेंद्र वकील, माजिद अली, राशिद अली, पंकज मुकाती, लोकेंद्र राठौर, सिद्धांत शेट्टी, राजकुमार मालवीय, सुभाष नामदेव, शैलेंद्र ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, एडवोकेट हरि सिंह मेवाड़ा, तौसीफुद्दीन, नफीस शाह, फैजुद्दीन, नेबू गुप्ता, जितेंद्र दसोड़ी, कृपाल ठाकुर, शमीमुद्दीन, सुंदर वर्मा, गोपाल खाती, अनार सिंह मेवाडा, गुड्डु मीणा, अमृतलाल मालवीय, लखन चौधरी, बिट्टू ठाकुर, दिग्विजय राजपूत आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### परिषद की बैठक में नगर के सौंदर्यीकरण पर लिए महत्वपूर्ण निर्णय

# नपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठकः सभी प्रस्ताव पर लगी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका परिषद का साधारण सम्मेलन नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता तथा नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति सहित परिषद सदस्यों की विशेष उपस्थिति में नगरपालिका के परिषद सभागार में संपन्न हुआ। नगर विकास की इस महत्वपूर्ण बैठक में 10 प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ, जिनमें सभी पर एकमत होकर निर्णय लेकर सर्वसम्मति से पारित हुए। नगर के सौंदर्यीकरण को दिया महत्व - नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में परिषद ने नगर के सौंदर्यीकरण को महत्व देते हुए पपनास नदी से भोपाल नाके तक डिवाईडर युक्त रोड़ का चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

साथ ही भोपाल चौराहा स्थित महाराणा प्रताप स्थल एवं उसके आसपास सौंदर्यीकरण कार्य के प्रस्ताव को पारित किया गया। वहीं पार्वती एवं पपनास नदी संगम स्थल पर घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, पार्वती नदी डाउन स्ट्रीम पर पिचिंग कार्य तथा सौंदर्यीकरण कार्य को भी परिषद ने एकमत होकर अपनी अनुमति प्रदान की।




### बैठक में नाली निर्माण सहित अन्य कार्यों को मिली स्वीकृति

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद के इस साधारण सम्मेलन में सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी के पास शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण कार्य के तृतीय ई-निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर को स्वीकृत किया, वहीं किलेरामा नगर सीमा से महाराणा प्रताप चौक तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य को भी मंजूरी दी गई है। साथ ही जलशुद्धिकरण में उपयोग की जाने वाली एलम-ब्लीचिंग सामग्री की वित्तीय वार्षिक दर 2024-25 की प्राप्त दरों की पुष्टि की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क को हस्तांतरित करने पर हुआ विचार किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रजापति ने बताया कि परिषद द्वारा आष्टा विकासखंड की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्मित मार्गो को नगरपालिका परिषद को हस्तांतरित करने पर भी अपनी पूर्ण सहमति देते शासन स्तर पर आगामी कार्यवाही करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं पीडब्लूडी विभाग के माध्यम से हस्तांतरित किए गए रोड़ को निकाय स्वामित्व प्राप्त करने पर भी निर्णय लिया गया।

आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन की स्वीकृति भी परिषद द्वारा दी गई। परिषद की इस महत्वपूर्ण बैठक में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुशील संचेती, नपाउपाध्यक्ष सिद्दीका भूरू खां, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति, पार्षदगण डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, डॉ. राजकुमार मालवीय, हिफ्फजुर्रहमान भैया मियां, राशिदा हुसैन, मेहमूद अंसारी, आरती सुभाष नामदेव, तस्कीन शेखरईस, नूरजहां अतीक कुरैशी, जाहिद गुड्डु, अनिता कालू भट्ट, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजनी विशाल चौरसिया, लता तेजपाल मुकाती सहित नपा के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद थे।

## महाविद्यालय के छात्रों का अग्नि वीर में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शाहिद भगत सिंह महाविद्यालय में भारतीय सेना की अग्नि वीर में चयन होने पर युवाओं ने चयनित अग्नि वीरों का स्वागत सम्मान किया। जिसमें अग्निवीर आशुतोष ठाकुर, मनोज सिसोदिया, नवीन ठाकुर, आदित्य वर्मा का साफा और माला पहना कर स्वागत किया। जिसमे कॉलेज के प्रिंसिपल एवं स्टाफ ने बधाई दी। उनके स्वागत में युवाओं का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसमें जसवंत सिंह ठाकुर गोपालपुर, प्रदीप पटाडा, बंटी, अनुराग, मोहित ठाकुर, ज्ञानदीप स्कूल अंशु ठाकुर, दीपक गोस्वामी, हेमंत पवार, जोगन ठाकुर, अजय, कृष्णा मंडलोई, विशाल गोस्वामी आदि ने धूमधाम से अग्नि वीरों को कॉलेज प्रांगण में ढोल नगाड़े के साथ जुलूस निकाला और महात्मा गांधी को माल्यार्पण कर सभी साथियों को बधाई दी।